**खबर संक्षेप**

## हिंदी और संस्कृत गीत में सेंट्रल एकेडमी अव्वल



**शहडोल।** भारत विकास परिषद की राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में इस बार सेंट्रल एकेडमी स्कूल ने इतिहास रच दिया। रविवार, 24 अगस्त को आयोजित प्रतियोगिता में लोकगीत, हिंदी गीत और संस्कृत गीत तीनों ही विधाओं में सेंट्रल एकेडमी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में शहर के चार स्कूलों ने भाग लिया। लोकगीत गायन में केवल सेंट्रल एकेडमी ने प्रस्तुति दी और विजेता घोषित हुई। हिंदी गीत में सेंट्रल एकेडमी ने प्रथम, सतगुरू पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और ब्राइटन स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया। संस्कृत गीत में भी सेंट्रल एकेडमी प्रथम, सतगुरू द्वितीय और ब्राइटन तृतीय रही, जबकि बेल वैदर स्कूल ने दोनों विधाओं में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन विक्रम कल्याणी ने किया, जबकि संचालन नीतू मोर और निकिता अग्रवाल ने संभाला। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार मुख्य अतिथि रहीं और प्रांत अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी तथा डॉ. शेखर जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। परिषद के अनेक सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस शानदार उपलब्धि ने सेंट्रल एकेडमी को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बना दिया।

## हार्ट फुलनेस मैडिटेशन के तीन दिवस सेशन सम्पन्न



**शहडोल।** बालिका संप्रेक्षण गृह में हार्ट फुलनेस मैडिटेशन के तीन दिवस सेशन सम्पन्न हुआ। श्रीमती अन्नपूर्णा गुप्ता प्रशिक्षक हार्टफ़ुलनेस ने बालिकाओं को ध्यान का अपने जीवन में महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि ध्यान हमारे जीवन को बेहतर और सरल बनाता है। ध्यान से मन से सारी नकारात्मक ऊर्जा निकल जाती है और नई चेतना का संचार होता है। ध्यान को अपनाकर हम अपने जीवन के सही लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। हार्टफ़ुलनेस मेफ़िटेशन सेशन में संस्था की अधीक्षिका श्रीमती संजीता भगत एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित हुए ।

## कश्यप जयंती समारोह की तैयारियों पर आज प्रेस वार्ता

**शहडोल।** केसरवानी वैश्य नगर सभा द्वारा कश्यप जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार, 26 अगस्त को प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। यह पत्रकारवार्ता दोपहर 12:30 बजे पांडवनगर स्थित केसरवानी भवन में होगी। सभा के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे और समारोह की विस्तृत रूपरेखा साझा करेंगे। इस मौके पर केसरवानी समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने सभी पत्रकारों से समय पर पहुँचकर कार्यक्रम का हिस्सा बनने की अपील की है।

### 25 हज़ार की सामग्री, 2 लाख मजदूरी, सुधाकर कंस्ट्रक्शन के नाम से निकला भुगतान

# शहडोल शिक्षा विभाग में पेंट पर पैसों का खेल-बुढ़वा स्कूल का बिल उजागर

## ब्यौहारी-निपानिया के पुराने घोटाले की जांच रिपोर्ट सोमवार को देरी से अटकी, अब नया मामला फंसा

**शहडोल।** जिले में शिक्षा विभाग एक बार फिर कठघरे में है। बुढ़वा स्थित सीएम राइज स्कूल की मरम्मत-पेंटिंग पर 2.27 लाख का बिल पास कर दिया गया, जिसमें सामग्री मात्र 25 हज़ार और शेष लगभग 2 लाख मजदूरी व पेंटर-मिस्त्रियों में चढ़ा दिए गए। दस्तावेज़ों पर जिला शिक्षा अधिकारी की मोहर, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री का प्रमाण पत्र और भुगतान आदेश सब मौजूद हैं, जो विभागीय मिलीभगत पर गंभीर सवाल उठाते हैं। जिले के ब्यौहारी विकास खण्ड अंतर्गत बुढ़वा स्थित शासकीय सीएम राइज स्कूल की पुताई-मरम्मत पर जारी बिल क्रमांक 234 ने जिले में शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर नया विवाद खड़ा कर दिया है। ठेकेदार सुधाकर कंस्ट्रक्शन द्वारा 12 मार्च 2025 को प्रस्तुत







बिल में कुल 2,27,940 दर्शाए गए हैं। इसमें एनेमल पेंट, थिनर और ब्रश जैसी सामग्री महज़ ?25 हज़ार की दर्ज है, जबकि लेबर 302 मजदूरों को 1,20,800, मिस्त्री 132 को 79,200 और पेंटर मिस्त्री 7 को 3,500 दिखाया गया है। बिल पर जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल की मुहर के साथ 13 मार्च को भुगतान आदेश भी जारी कर दिया गया। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री ने कार्य को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए प्रमाण पत्र भी दिया है, जिससे पूरे मामले में संदेह और गहराता है।

### मजदूरी का खेल और बिल की हकीकत

बिल में सबसे बड़ा खेल मजदूरी के नाम पर है। 25 लीटर थिनर पर 15,750 और तीन जीआई ब्रश पर 90 जैसी प्रविष्टियाँ बताती हैं कि सामग्री गौण है, जबकि मजदूरी अनुपातहीन रूप से बढ़ाई गई। तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि पेंटिंग-रिपेयर कार्य में इतने 302 मजदूर और 132 मिस्त्री की वास्तविक आवश्यकता ही नहीं हो सकती। यदि वास्तव में यह कार्य हुआ होता तो इसके प्रमाण स्वरूप मस्टर रोल, जियो-टैग्ड फोटो, एमबी बुक और वर्क-शेड्यूल उपलब्ध होना चाहिए था, लेकिन दस्तावेजों में ऐसा कोई आधार नहीं दिखता।

### पुराने घोटाले की छाया

यह मामला नया नहीं है। जुलाई 2025 में ही व्यहारी और निपानिया स्कूलों में पेंट घोटाले उजागर हुए थे। वहाँ 4 लीटर पेंट के लिए 168 मजदूर और 65 मिस्त्री, तथा 20 लीटर पेंट पर 275 मजदूर और 150 मिस्त्री दर्ज कर लाखों की राशि निकाल ली गई थी। राज्य स्तर पर हंगामे के बाद जांच के आदेश दिए गए थे और आज सोमवार को उसकी अंतिम रिपोर्ट जमा होनी थी, लेकिन रिपोर्ट अटक गई है। ठीक उसी बीच बुढ़वा का मामला खुलने से यह साबित होता है कि विभाग ने पुराने घोटाले से कोई सबक नहीं लिया।

### जिम्मेदारी और संदेह

बिल पर न केवल जिला शिक्षा अधिकारी की स्वीकृति है, बल्कि उपयंत्री का प्रमाण पत्र भी संलग्न है। उपयंत्री ने लिखा है कि कार्य गुणवत्तापूर्ण किया गया है, जबकि सामग्री और मजदूरी का अनुपात इस दावे को खोखला करता है। सवाल यह भी है कि आखिरकार इतनी बड़ी मजदूरी को भौतिक सत्यापन, मस्टर मिलान और तकनीकी जांच के बिना किस आधार पर मंजूरी दी गई। इससे साफ़ झलकता है कि यह मामला ठेकेदार, उपयंत्री और जिला शिक्षा कार्यालय की मिलीभगत का नतीजा है।

### कार्रवाई की मांग

सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि पुराने प्रकरण की जांच रिपोर्ट दबा दी जाती है और नए मामलों पर भी ढिलाई बरती गई तो शिक्षा विभाग का पूरा तंत्र भ्रष्टाचार का पर्याय बन जाएगा। विशेषज्ञों का सुझाव है कि बुढ़वा प्रकरण की स्वतंत्र तकनीकी जांच हो—जियो-टैग फोटो, रूक्च बुक, सामग्री की इनवॉइस, मस्टर रोल और ई-पेमेंट ट्रेल का मिलान कराया जाए। साथ ही जिम्मेदार अफसरों पर रिकवरी-अटैचमेंट, ब्लैकलिस्टिंग और दंडात्मक कार्रवाई तुरंत हो।

### विभाग के लिए शर्मनाक स्थिति

बुढ़वा स्कूल का यह प्रकरण केवल एक बिल का मामला नहीं है। यह शिक्षा विभाग की लापरवाह और मिलीभगतपूर्ण प्रणाली का सबूत है, जो बार-बार पेंटिंग और मरम्मत के नाम पर सरकारी धन की लूट कर रही है। ब्यौहारी-निपानिया के घोटाले की रिपोर्ट आने से पहले ही यदि बुढ़वा का मामला सामने आ गया है तो यह विभाग के लिए शर्मनाक स्थिति है। सवाल यह है कि आखिर पेंट और मजदूरी के नाम पर जनता के टैक्स का पैसा कब तक रंगा जाएगा।

# शराबखोरी ने छीनी जिंदगी: खामडांड गांव में मौत से मचा मातम

**शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खामडांड गांव में शराबखोरी ने एक और परिवार की खुशियां छीन लीं। सोमवार की सुबह गांव के 40 वर्षीय सुरेश प्रजापति की मौत अत्यधिक शराब पीने के चलते हो गई। लगातार तीन दिनों से सुरेश बिना खाना-पीना छोड़ केवल शराब के नशे में डूबा हुआ था। परिवार की लाख समझाइशों और रोक-टोक के बावजूद उसने शराब नहीं छोड़ी और आखिरकार उसकी मौत हो गई।**

### तीन दिन से नशे में डूबा था सुरेश

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक सुरेश प्रजापति तीन दिनों से लगातार शराब का सेवन कर रहा था। उसकी यह लत इतनी खतरनाक हो गई थी कि बेटे ने जब उसे नशा करने से मना किया, तो सुरेश उससे विवाद करने लगा। इतना ही नहीं, उसने अपने बेटे का मोबाइल तक बेच दिया और उस पैसे से भी शराब खरीद ली। परिजनों ने बताया कि सुरेश घर पर अपनी मां



के साथ रह रहा था और इसी दौरान उसने खाना-पीना पूरी तरह त्याग दिया था।

### उल्टियां शुरू हुईं, फिर बिगड़ी हालत

सोमवार की सुबह सुरेश को अचानक उल्टियां होने लगीं। हालत बिगडऩे पर उसकी मां ने बाहर मौजूद बेटे को सूचना दी। बेटा भागकर घर पहुंचा तो देखा कि पिता की तबीयत बेहद नाजुक है। बारिश तेज होने के कारण परिजनों को अस्पताल ले जाने की तैयारी करने में समय लगा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और सुरेश ने घर पर ही दम तोड़ दिया।

### गांव में पसरा सन्नाटा, पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया और लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ब्यौहारी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया। पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खामडांड गांव की यह घटना एक बार फिर शराबखोरी के खतरनाक परिणामों को उजागर करती है। सुरेश की मौत ने न सिर्फ उसके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है बल्कि गांव के लोग भी अब शराब की बर्बादी को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

# शहडोल में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन: नई ऊर्जा और ओंकार से गूंजा शहर



**शहडोल ।** लगभग ढाई दशक से मध्यप्रदेश की सत्ता से बाहर और 11 सालों से केंद्र की राजनीति में विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस ने अब संगठनात्मक स्तर पर नई ऊर्जा और ओंकार भरने का काम शुरू कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अगुवाई में कांग्रेस को नए स्वरूप में गढ़ा जा रहा है। इसी क्रम में शहडोल जिले की कमान युवा नेता अजय अवस्थी को सौंपी गई है, जिनके स्वागत ने जिले की राजनीति में नया माहौल बना दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली इंदिरा भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे अजय अवस्थी का मंगलवार को शहडोल में भव्य स्वागत किया जाएगा। बताया गया कि सोमवार को ही शहर कांग्रेस के रंग में रंग चुका है। जय स्तंभ चौक से लेकर राजेंद्र टॉकीज चौराहा, गांधी चौक, जैन मंदिर और मोहनराम तालाब मंदिर तक सडक़ों पर कांग्रेस के झंडे और बैनर लहरा रहे हैं। शहर का कोई भी होर्डिंग, फ्लेक्स या पोलिंग खाली नहीं है। हर जगह अजय अवस्थी और कांग्रेस नेताओं के बड़े-बड़े छायाचित्र लगे हैं, मानो पूरा शहर कांग्रेस के स्वागत में सज-धज गया हो।

### जय स्तंभ चौक से शुरू होगी भव्य रैली

मंगलवार दोपहर 12 बजे जय स्तंभ चौक (कलेक्टर कार्यालय के सामने) से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भव्य रैली प्रारंभ होगी। इस रैली में जिले के सभी ब्लॉक से कांग्रेस कार्यकर्ता, आमजन, बुद्धिजीवी, महिला कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल होंगे। 100 से अधिक दोपहिया और चारपहिया वाहनों का काफिला इस रैली में नजर आएगा। शहरभर से आने वाले कांग्रेसी कार्यकर्ता रैली में शामिल होकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। रैली का मार्ग भीड़ और जोश को और अधिक बढ़ाने वाला होगा। जय स्तंभ चौक से रवाना होकर यह रैली राजेंद्र टॉकीज चौराहा, गांधी चौक, जैन मंदिर से होती हुई मोहनराम तालाब मंदिर तक पहुंचेगी और फिर इंदिरा चौक के समीप स्थित कांग्रेस भवन में एक बड़े कार्यक्रम में तब्दील हो जाएगी।

### नई ऊर्जा और जोश का संचार

कांग्रेस नेताओं का मानना है कि अजय अवस्थी के जिला अध्यक्ष बनने के बाद संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। युवा कार्यकर्ताओं की लंबी फौज पहले ही उनके साथ खड़ी है और अब वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी उन्हें मिल रहा है। यही वजह है कि कार्यकर्ताओं में उत्साह का स्तर पहले से कहीं अधिक देखा जा रहा है। सोमवार को ही शहर की गलियों और मोहल्लों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रियता यह साफ कर रही थी कि मंगलवार का दिन कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक होने वाला है। स्थानीय कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी और जीतू पटवारी की नई टीम का असर अब जिले तक दिखने लगा है। अजय अवस्थी की नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक सक्रियता ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया है कि आने वाले समय में कांग्रेस फिर से सत्ता की दौड़ में मजबूती से खड़ी होगी।

### स्वागत में उमड़ा शहर

अजय अवस्थी का शहडोल आगमन केवल औपचारिकता नहीं बल्कि कांग्रेस की नई सोच और दिशा का प्रतीक माना जा रहा है। पूरे शहर में जिस तरह से फ्लेक्स, बैनर और झंडे लगे हैं, उससे यह साफ हो गया है कि कांग्रेस अब केवल विपक्षी भूमिका तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि जनता के बीच उतरकर अपना खोया हुआ जनाधार वापस हासिल करने की तैयारी में है। कांग्रेस की इस रैली और शक्ति प्रदर्शन से कार्यकर्ताओं में जो नई ऊर्जा और आत्मविश्वास आया है, वह आने वाले समय में पार्टी की राजनीतिक दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शहडोल का यह शक्ति प्रदर्शन कांग्रेस के लिए केवल स्वागत समारोह नहीं बल्कि भविष्य की राजनीति का ओंकार माना जा रहा है।

# फर्जीवाड़ा कर परीक्षा देने वाले छह छात्र जेल भेजे गए

उमरिया। परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर डिग्री हासिल करने की कोशिश करने वाले छह छात्रों को न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उमरिया श्री दीपक कुमार अग्रवाल की अदालत ने दोषी पाए गए सभी छह अभियुक्तों को डेढ़-डेढ़ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए साफ संदेश दिया कि शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मीडिया प्रभारी (अभियोजन) नीरज पाण्डेय ने जानकारी दी कि 27 अगस्त 2016 को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय उमरिया में पैरामेडिकल डिप्लोमा (एक्स-रे/रेडियोलॉजी विषय) की परीक्षा हो रही थी। परीक्षा के दौरान वीक्षक दल ने छह छात्रों को अपने स्थान पर फर्जी परीक्षार्थियों को बैठाकर पेपर दिलवाते हुए पकड़ लिया। मौके पर ही इसकी रिपोर्ट तैयार कर थाना कोतवाली उमरिया को सौंपी गई।

मामला दर्ज होने के बाद धारा 419, 420 भा.दं.सं. एवं म.प्र. मान्यता प्राप्त परीक्षाएं अधिनियम 1937 की धारा 3ए/4 में एफआईआर दर्ज की गई। जांच में आरोप सिद्ध पाए गए और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### इन छात्रों को मिली सजा

दोषी पाए गए दिलीप कुमार रैदास ग्राम मुडुलुहा टोला, थाना पाली, उमरिया, कमलेश चौधरी ग्राम हर्रई थाना राजेन्द्रग्राम, अनूपपुर, हाल मुकाम पाली प्रोजेक्ट, उमरिया, चन्द्रप्रताप सिंह , ग्राम सलैया नं. 2 थाना पाली, उमरिया, अजीत कुमार चौधरी ग्राम परासी थाना पाली, उमरिया, कमलेश सिंह गोंड ग्राम पतिहाई टोला थाना मानपुर, उमरिया, प्रांजुल सोनी निवासी मानपुर, उमरिया को धारा 420 भा.दं.सं. में एक-एक वर्ष का कठोर कारावास और 500 रुपये जुर्माना, साथ ही म.प्र. मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम की धारा 3ए/4 के तहत छह माह का सश्रम कारावास और 500 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई। अभियोजन की प्रभावी पैरवी एडीपीओ नीरज पाण्डेय द्वारा की गई, जिन्होंने अदालत में आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित किया।

### नजीर बना फैसला

यह फैसला न केवल दोषियों को सबक देगा, बल्कि उन छात्रों और अभिभावकों के लिए भी चेतावनी है जो पढ़ाई के बजाय शॉर्टकट और फर्जीवाड़े के सहारे डिग्री पाना चाहते हैं। अदालत ने साफ कर दिया है कि शिक्षा प्रणाली को दूषित करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।





# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर हर बार मीटिंग

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समयावधि पत्रों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को 30 अगस्त तक लंबित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एल-1 अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें और जवाब दर्ज कराएं। कलेक्टर ने साफ कहा कि जिन विभागों में शिकायतें कम हैं, वहां शत-प्रतिशत निराकरण होना चाहिए। जुलाई की ग्रेडिंग में औसत से नीचे रहने वाले विभागों से उन्होंने कारण सहित जवाब मांगा। साथ ही चेतावनी दी कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे और आंशिक निराकरण की गुणवत्ता निम्नस्तरीय नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में सेवाएं देने पर भी जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि हर समीक्षा बैठक में शिकायतों का निपटारा करने और पोर्टल पर जवाब दर्ज कराने की बातें दोहराई जाती हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर हालात जस के तस रहते हैं। जागरूक लोगों का कहना है कि यदि वाकई कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन को लेकर गंभीर हैं तो कम से कम वे खुद किसी शिकायतकर्ता से सीधे बात करें। इससे यह भी साफ हो जाएगा कि विभागीय अधिकारी उनके आदेशों का पालन कितनी सख्ती से कर रहे हैं और शिकायतों का निपटारा केवल कागजों पर हो रहा है या सचमुच जनता को राहत मिल रही है।

**जनता का सवाल सीधा है**

क्या सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का असली समाधान सिर्फ बैठकों और रिपोर्टों तक सीमित रहेगा, या फिर जिले का मुखिया खुद आगे बढक़र शिकायतकर्ताओं से संवाद कर यह दिखाएगा कि शिकायत निवारण की प्रक्रिया वास्तव में कितनी प्रभावी है?

# भाजपा राज में अधिकारी ही बने भू-माफिया: कुंवर विनोद



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं किसान नेता कुंवर सिंह पटेल तथा प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने आरोप लगाया है कि भाजपा शासनकाल में शहडोल जिले के अधिकारी ही भू-माफिया की भूमिका निभा रहे हैं। उनका कहना है कि ब्यौहारी तहसील के ग्राम खड़हुली में लगभग 200 करोड़ की शासकीय भूमि फर्जी तरीके से बेची गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा, तहसीलदार भुवनेश्वर सिंह, एसडीएम नरेंद्र सिंह धुर्वे, कलेक्टर वंदना वैद्य तथा तत्कालीन व वर्तमान पटवारियों ने मिलीभगत कर शासकीय भूमि के खसरे से गैर हकदार और चरनोई जैसे शब्द हटाकर अपने परिजनों व रिश्तेदारों के नाम पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विक्रय कर दिया।नेताओं का कहना है कि इस कृत्य से न केवल शासन को 200 करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ बल्कि यह मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता का खुला उल्लंघन है। शिकायत पत्र 25 मार्च 2025 को कलेक्टर, आयुक्त, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री को भेजा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर शीघ्र कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो न्यायालय की शरण लेने के साथ-साथ सडक़ पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में कुंवर सिंह पटेल, विनोद शर्मा, राजू पांडे, खेमराज साकेत, गणेश सिंह, कोशल पटेल, टिंकू पांडे, रामाधार सिंह व रामकलेश रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शहडोल छात्रावास में लापरवाही से छात्र की मौत

## परिजनों ने कलेक्टर से की सख्त कार्रवाई की मांग

**शहडोल।** जिले में सरकारी छात्रावास की लापरवाही ने एक मासूम छात्र की जान ले ली। सीनियर अनुसूचित जाति नवीन बालक छात्रावास शहडोल में रहकर पढ़ाई करने वाले राजा प्रजापति पिता स्व. मथुरा प्रजापति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यह मौत फूड प्वाइजनिंग के कारण हुई और इसमें छात्रावास अधीक्षक व कर्मचारियों की घोर लापरवाही जिम्मेदार है। परिजनों ने कलेक्टर से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शासन से मिलने वाली अनुदान राशि दिलाने की गुहार भी लगाई है। मृतक छात्र राजा प्रजापति कक्षा 10वीं का नियमित छात्र था और पुलिस लाइन स्थित शासकीय हाई स्कूल में अध्ययनरत था। परिजनों के अनुसार छात्र के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी चाचा फरियादी रघुराज प्रजापति पर थी। 22 अगस्त की दोपहर अचानक छात्र की तबीयत बिगड़ी और उल्टी के बाद वह बेहोश हो गया। इसके बावजूद छात्रावास अधीक्षक ने परिजनों को समय पर सूचना नहीं दी।

### आधी रात को दी सूचना, सुबह मौत

परिजनों का कहना है कि जब स्थिति गंभीर हो गई और जिला अस्पताल से बाहर रेफर करने की नौबत आई, तब रात करीब 12 बजे उन्हें सूचना दी गई। जब तक परिजन अस्पताल पहुंचे,



तब तक देर हो चुकी थी। छात्र को रेफर कर दिया गया और उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां सुबह करीब 9 बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों का गंभीर आरोप है कि शहडोल जिला अस्पताल ने कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया और न ही जबलपुर मेडिकल कॉलेज ने कागजात दिए। यहां तक कि मृत्यु प्रमाण-पत्र और पोस्टमार्टम** तक नहीं कराया गया। इस कारण परिजन अब भी अपने भतीजे की मौत की असल वजह जानने से वंचित हैं।

### 35 हजार रुपये देकर समझौते का दबाव

परिजनों ने सनसनीखेज खुलासा किया है कि छात्रावास प्रबंधन ने मामले को दबाने के लिए उन्हें 35 हजार रुपये नकद देने की कोशिश की और बदले में कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया। लेकिन परिवार ने पैसे लेने से इंकार कर दिया और किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पूरे मामले में परिजनों ने कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को ज्ञापन सौंपकर कहा कि छात्रावास अधीक्षक और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते एक छात्र की मौत हुई है, जिसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। परिजनों ने दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने, घटना की निष्पक्ष जांच कराने और शासन से मिलने वाली अनुदान राशि दिलाए जाने की मांग की है।

### प्रशासन पर उठे सवाल

घटना ने जिले की छात्रावास व्यवस्था और शिक्षा विभाग की निगरानी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्रावास अधीक्षक द्वारा समय पर सूचना न देना, मेडिकल दस्तावेजों को छिपाना और पैसे देकर समझौते का प्रयास करना न केवल गंभीर लापरवाही है, बल्कि आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। अब देखना यह होगा कि कलेक्टर और जिला प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है। परिजनों ने साफ कहा है कि अगर जल्द ही जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्चाधिकारियों से लेकर न्यायालय तक गुहार लगाएंगे।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक के लिए निर्धारित लक्ष्य 28.66 करोड़ में 15.77 करोड़ रूपये की वसूली की गई है । इसी तरह वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक दर्ज प्रकरणो में 42 में से 23 का निराकरण करते हुए 12.32 लाख रूपये की वसूली की गई है । जिसमें अवैध उत्खनन के 17 में से 14 प्रकरणों में 3.78 लाख रूपये, अवैध परिवहन के 26 प्रकरणों में से 18 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 8.15 लाख रूपये तथा अवैध भंडारण के 2 में से 1 प्रकरण का निराकरण करते हुए 0.39 लाख रूपये की आय वसूली की गई है । कलेक्टर ने आरआरसी की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए ।

## जनपद पंचायत पाली में बीएलबीसी की बैठक संपन्न



**उमरिया।** जिले के पाली ब्लॉक की प्रथम तिमाही की बीएलबीसी समीक्षा बैठक जनपद पंचायत पाली में लीड बैंक मैनेजर ,सेवक राम सोनवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली, कुंवर कन्हाई, आरसेटी डायरेक्टर तरुण कुमार सिंह , एआईसी से फसल बीमा हेतु अविनाश आदिवासी वित्त विभाग से संदीप ध्रुवे , एन आर एल एम से ब्लाक कोऑर्डिनेटर , उद्यानिकी विभाग , मत्स्य विभाग से गुरशालाल,पशुपालन विभाग आदि संबंधित विभाग प्रमुख के साथ सभी पाली ब्लॉक के बैंकर्स शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे । बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की इस तिमाही में प्रगति की समीक्षा की गई तथा इस वर्ष के वित्तीय लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बैंकर्स को शासकीय योजनाओं के लक्ष्य शुरू से ही प्राप्त करने का निर्देश लीड बैंक मैनेजर के द्वारा दिया गया । बैठक में सभी विभागों द्वारा अपने बैंकों में लंबित प्रकरणों के निपटारे के लिए गहन चर्चा की गई तथा बैंकर्स को निर्देश दिये गये कि लंबित प्रकरणों का निपटारा इस सप्ताह किया जाए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नही रहे । प्रत्योक शिकायत को विस्तार से पढ़ते हुए उनका निराकरण समयसीमा के अंदर किया जाए। बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने कहा जिन अधिकारियों कर्मचारियों की ड्युटी छात्रावास के निरीक्षण के लिए लगाई गई है, वे छात्रावासों का निरीक्षण करें तथा प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं । बैठक में कलेक्टर रोजगार मेंले के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि वृहद स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाए।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

# ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भ्रष्टाचार की भेंट














### ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करोड़ों की लागत से किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य की हकीकत अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की परतें

शहडोल। खोल रही है। यात्रियों की सुविधा के नाम पर चल रहे इन कामों में घटिया सामग्री, नियम विरुद्ध श्रमिकों का इस्तेमाल और मानकों की अनदेखी साफ झलक रही है। नतीजा यह है कि स्टेशन विकास का सपना अधूरा और संदेहास्पद होता जा रहा है। ब्यौहारी रेलवे स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए रेलवे बोर्ड ने करोड़ों रुपये स्वीकृत किए थे। यात्री सुविधाओं को विस्तार देने और स्टेशन को नई पहचान दिलाने की योजना के तहत यहां व्यापक स्तर पर निर्माण कार्य चल रहे हैं, लेकिन स्टेशन परिसर में हो रहे इन कामों की हकीकत अब खुलकर सामने आने लगी है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उसमें हो रही अनियमितताएं न केवल सरकारी राशि की बर्बादी की ओर इशारा कर रही हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

### पेवर ब्लॉक पहले ही उखड़ने लगे

स्टेशन परिसर को सुंदर और टिकाऊ बनाने के लिए पेवर ब्लॉक बिछाए जा रहे हैं। लेकिन ठेकेदार और एजेंसी की लापरवाही का आलम यह है कि बेस की मजबूती पर कोई ध्यान ही नहीं दिया गया। नतीजतन, जहां-जहां ब्लॉक लगाए गए हैं, वहां वे पहले ही अपनी जगह छोड़ने लगे हैं। यह स्थिति साफ तौर पर दर्शाती है कि तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई है और महज खानापूर्ति कर रेलवे बोर्ड की योजनाओं को कागजों पर पूरा दिखाया जा रहा है।

### घटिया सीमेंट और सामग्री का इस्तेमाल

जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य में जिस ग्रेड के सीमेंट और अन्य सामग्री का उपयोग अनिवार्य है, उसकी जगह घटिया क्वालिटी का सामान लगाया जा रहा है। सामग्री की जांच महज कोरम पूर्ति तक सीमित है। यह स्थिति न केवल निर्माण की उम्र घटाएगी बल्कि भविष्य में यात्रियों और कर्मचारियों के लिए दुर्घटनाओं की वजह भी बन सकती है। एजेंसी की मनमानी और अधिकारियों की चुप्पी निर्माण कार्य की निगरानी के लिए उपयंत्री और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को तैनात किया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि उपयंत्री खुद एजेंसी के प्रभाव में हैं और उन्होंने निगरानी का जिम्मा पूरी तरह ठेकेदारों को सौंप रखा है। वहीं एजेंसी के इंजीनियर भी मौके पर कभी-कभार ही दिखाई देते हैं। सवाल यह है कि जब अधिकारी और तकनीकी स्टाफ ही जिम्मेदारी से किनारा कर लेंगे, तो फिर गुणवत्ता की गारंटी कौन देगा?

### नाबालिग और अकुशल श्रमिकों से कराया जा रहा काम

निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। एजेंसी ने कुशल श्रमिकों की जगह अकुशल और अनुभवहीन मजदूरों को काम पर लगा रखा है। यहां तक कि नाबालिग बच्चों को भी श्रम में झोंका गया है। इनके पास सुरक्षा उपकरण और अनुभव दोनों का अभाव है। इससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जवाबदेही कौन लेगा—यह बड़ा सवाल है।

### श्रम कानूनों की अनदेखी

केन्द्रीय श्रम अधिनियम में श्रमिकों को काम के घंटे और वेतन का स्पष्ट प्रावधान है, लेकिन ब्यौहारी रेलवे स्टेशन के निर्माण में इन नियमों को सिरे से दरकिनार कर दिया गया है। मजदूरों से लंबे समय तक काम कराया जा रहा है, लेकिन उन्हें न तो तय वेतन मिल रहा है और न ही कोई अन्य सुविधा। इससे साफ है कि एजेंसी लाभ कमाने के फेर में न केवल सरकारी धन हड़प रही है, बल्कि गरीब मजदूरों का भी शोषण कर रही है।

### सरकारी राशि पर मंडराता संकट

रेलवे बोर्ड की मंशा थी कि यात्रियों को आधुनिक स्टेशन की सुविधा मिले, जहां उन्हें आरामदायक इंतजार, बेहतर साफ-सफाई और सुरक्षित वातावरण का अनुभव हो। लेकिन जिस ढंग से एजेंसी और स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी मिलकर अनियमितताओं को बढ़ावा दे रहे हैं, उससे केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई राशि पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। करोड़ों का यह निवेश यदि इसी ढर्रे पर चलता रहा, तो आने वाले वर्षों में पूरा स्टेशन खस्ताहाल हो सकता है।

### निरीक्षण व्यवस्था पर भी सवाल

रेलवे बोर्ड ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण की व्यवस्था की थी। लेकिन हकीकत यह है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके से गायब रहते हैं और कागजी रिपोर्ट तैयार कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। यह रवैया दर्शाता है कि रेलवे बोर्ड की योजनाएं केवल फाइलों तक सिमट रही हैं और जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।

### स्थानीय जनता और यात्रियों की चिंता

ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भले ही कागजों पर बड़ी उपलब्धि दिख रहा हो, लेकिन स्थानीय जनता और यात्रियों के बीच चिंता बढ़ गई है। लोग सवाल कर रहे हैं कि जब अभी निर्माण कार्य अधूरा है और इस हालत में गुणवत्ता की पोल खुल रही है, तो पूरा स्टेशन बनने के बाद उसकी मजबूती और सुरक्षा कैसी होगी? यात्रियों की सुविधाओं का सपना टूटता नजर आ रहा है। ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है। यदि समय रहते रेलवे बोर्ड ने सख्ती नहीं दिखाई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं की, तो करोड़ों की यह योजना केवल कागजों में सिमटकर रह जाएगी।

# रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।**



कलेक्टर ने कहा कि 1 जनवरी 2025 की स्थिति में प्रत्येक ग्राम पंचायत की दिनांक 1 जनवरी 2023 की स्थिति में तैयार फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाना है। समस्त ग्राम पंचायतों की 1 जनवरी 2023 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार है। दिनांक 1 जनवरी 2025 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया 3 चरणों में सम्पन्न की जायेगी , जिसमें पहले चरण में कंट्रोल टेबल का वेरिफिकेशन और अपडेशन। कंट्रोल टेबल में संशोधन होने पर संशोधन अनुसार मतदाताओं को सम्बंधित संशोधित क्षेत्रों में शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाएगी ।

द्वितीय चरण में विधानसभा की मतदाता सूची में बढ़े हुए मतदाताओं को सम्बंधित ग्राम पंचायत में जोड़ा जायेगा, विलोपित मतदाताओं को हटाया जायेगा और संशोधित मतदाताओं की जानकारी को संशोधित किया जाकर एकीकरण उपरान्त प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा एवं फोटोरहित एवं फोटोसहित मतदाता सूची की तीन प्रतियों में डी.व्ही.डी. तैयार कर तथा डी.व्ही.डी. की दो प्रतियां ज्वेल केस में आयोग को भेजा जायेगा। तृतीय चरण में दावे आपत्ति प्राप्त की जाकर उनका निराकरण किया जाकर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

इसी तरह 1 जनवरी 2025 की स्थिति में प्रत्येक नगरपालिका की वार्डवार दिनांक 1 जनवरी 2023 की स्थिति में तैयार फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाना है। समस्त नगरपालिकाओं की दिनांक 1 जनवरी 2023 की स्थिति में वार्डवार फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार है। प्रथम चरण में कंट्रोल टेबल का वेरिफिकेशन और अपडेशन, कंट्रोल टेबल में संशोधन होने संशोधन अनुसार मतदाताओं को सम्बंधित संशोधित क्षेत्रों में शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाएगी । द्वितीय चरण विधानसभा की मतदाता सूची में बढ़े हुए मतदाताओं को सम्बंधित नगरपालिका वार्ड में जोड़ा जायेगा, विलोपित मतदाताओं को हटाया जायेगा और संशोधित मतदाताओ जानकारी को संशोधित किया जाकर एकीकरण उपरान्त प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कि जायेगा। तृतीय चरण-दावे आपत्ति प्राप्त की जाकर उनका निराकरण किया जाकर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि फोटो प्रारूप मतदाता सूची का ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को,स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन 8 अक्टूबर को, दावे आपत्ति प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों का व्दितीय प्रशिक्षण एवं उन्हे आवश्यक सामग्री प्रदाय करने, दावा आपत्ति केन्द्रों के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक, दावा आपत्ति केंद्र पर दावे आपत्ति प्राप्ति करने की अवधि 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक अपरान्ह 3 बजे तक तथा फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय तथा अन्य विहित स्थानो पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवंबर को किया जाएगा । बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, मास्टर ट्रेनर संजय पांडेय सहित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे । मास्टर ट्रेनर व्दारा पीपीटी के माध्यम से तीनो चरणों की जानकारी प्रदाय की गई ।

## पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 डाटा प्रविष्टि पर प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत करकेली,मानपुर तथा पाली में मुख्यकार्यपालन अधिकारियों की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम पंचायत उन्नत सूचकांक 2.0 का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के समक्ष बताया गया तथा थीम वार सभी ग्राम पंचायत का प्रशिक्षण में विश्लेषण किया गया। डीपीएम आर.जी.एस.ए खेमलाल साहू द्वारा पी ए आई 2.0 पोर्टल में ग्राम पंचायत के द्वारा 2023- 24 का डाटा प्रविष्टि करने की जानकारी प्रदाय की गई। उन्होने बताया कि डीसीएफ डाउनलोड करें, तथा समस्त 147 प्रश्नों को विस्तार से सभी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। अंत में टीएमपी पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कर सभी का सर्टिफिकेशन कराया गया। कार्यक्रम में जिला एवं जनपद में आर जी एस ए के डीपीएम, डीसी,सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं आर जी एस ए से विकासखंड समन्वयक व ऑपरेटर उपस्थिति रहे।

# महिलाएं पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि के लिए आज रखेंगी हरतालिका तीज का व्रत

### कपड़े और पूजन सामग्रियों, जनरल स्टोर की दुकानों पर महिलाओं की भीड़





**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** राजनगर कोयलांचल क्षेत्र में हरतालिका तीज के व्रत को महिलाएं आज रखेंगी। इसकी तैयारिया के लिए रविवार और सोमवार को राजनगर के बाजारों में रौनक रही। खासकर कपड़ा, सराफा प्रतिष्ठानों, जनरल स्टोर, फल दुकान, नगर की ख्याति प्राप्त श्री स्पर्श ब्यूटी पार्लर चर्च के सामने पर देर रात तक महिलाओं की भीड़ जुटी रही। ब्यूटी पार्लर की संचालिका ममता श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार से ही इस हरितालिका तीज पर्व को लेकर महिलाएं काफी उत्साह में रही हैं। मंगलवार को भी ब्यूटी पार्लर मे भीड़ रही। कच्ची मिट्टी से बने शिव-पार्वती और पूजन सामग्री की दुकाने लगी रही। राजनगर कन्या स्कूल रोड पर पूजा जनरल स्टोर पर कंगन, ब्रॉस कंगन, लॉक कंगन के आलावा फैसी डिजाइन के कांच के कंगन और चूड़ियों की खूब मांग रही।

**शिव-पार्वती के पूजन का है विधान**

भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शिव और पार्वती कि पूजा करती हैं। पति के आयु और सुख-समृद्धि के लिए निर्जल रहती हैं राधा कृष्ण मंदिर न्यू राजनगर के प्रधान पुजारी पंडित रामकुमार पाठक ने बताया कि पार्वती ने हरतालिका तीज कर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। यही कारण है कि सुहागिनों के साथ कुंवारी लड़कियां भी योग्य वर की कामना के लिए यह पर्व मनाती है। कथा के अनुसार माता पार्वती की सहेलियां उनका अपहरण कर उन्हें घने जंगल में ले गई। ताकि पार्वती जी की इच्छा के विरुद्ध उनके पिता उनका विवाह भगवान विष्णु से कर देते। पार्वती जी ने कई मिट्टी का शिवलिंग बनाकर उपवास रखा। 108 वे जन्म में शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया।

# 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत

**उमरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायसालय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया गया है। लोक अदालत में विद्युत प्रकरणो में छूट प्रदान की जाएगी । प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।उन्होयने बताया कि आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता , उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन , संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभप्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरुद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी , अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख मात्र तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी । छूट मात्र नेशनल लोक अदालत में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी।

# हरियाली तीज को लेकर सोमवार को बाजार में रही रौनक

### साड़ियों की जमकर हो रही खरीददारी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। हरियाली तीज के एक दिन पहले सोमवार को साड़ियों के साथ लहठी और पूजन सामग्रियों की खरीददारी भी खूब हुई। पूजन सामग्रियों के दुकानों के अलावा फुटपाथ पर भगवान शंकर पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा बांस से बने छिटवां दान की सामग्री और डलिया की दुकानें सजी हुई थीं। साड़ी में पीकू कराने और ब्लाउज सिलवाने के लिए टेलरिंग शॉप पर भी महिलाओं की भीड़ रही। पूरा बाजार तीजमय नजर आ रहा था। तीज की खरीदारी पर तीज को लेकर फलों की आवक में बढ़ोतरी हुई है। बाजार के कारोबारी पर्व को लेकर ज्यादा फल मंगा लिए थे। खासकर सेब और केला की डिमांड अधिक रही।**



### तीज पर सर्राफा बाजार में रौनक

तीज के लिए सर्राफा बाजार मे गहनों की डिमांड खूब रही। दीपक चंदेरिया आभूषण दुकानदार का कहना है कि छोटे गहनों की अधिक बिक्री हो रही है। पायल और बिछिया की डिमांड काफी है। इसके अलावा सोने के कान-नाक का सेट भी बिक रहा है। कुछ महिलाएं डायमंड ज्वेलरी भी खरीद रही हैं। पर्व के मौके पर इस बार का बाजार बेहतर है. पर्व में सोने-चांदी के गहनों की खरीदारी के लिए रूझान बढ़ा है।

### फेशियल के लिए घर पर ही हो रही बुकिंग

इन दिनों फेशियल के लिए कई महिलाएं घर पर ही बुकिंग कर रही हैं। सोमवार एवं मंगलवार को अधिकतर ब्यूटीशियन बुक हैं। इस बार तीज में फेशियल की डिमांड अधिक है. एक हजार से चार हजार तक का पैकेज महिलाएं ले रही हैं. सुबह दस बजे से रात दस बजे तक की बुकिंग हो रही है. कई ब्यूटी पार्लर भी घर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं इससे महिलाओं को सहूलियत हुई है।

### कपड़ा बाजार में रही रौनक

पिछले तीन दिनों से कपड़ा बाजार में रौनक देखी गई। सोमवार को भी साड़ी दुकानों मे सिफॉन और सिल्क की साड़ियां खूब बिक रही थी। नगर के अलावा कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्र से भी महिलाएं खरीददारी करने पहुंच रही थी। व्यापारियों ने पर्व को लेकर बिक्री की जो उम्मीद की थी, वैसा ही बाजार है।

### तीज के लिए तीन हजार तक मेकअप पैकेज

तीज पर नगर के ब्यूटी पार्लर में श्रृंगार प्रसाधन की विभिन्न कंपनियों के फेशियल के लिए तीन हजार तक का पैकेज दिया जा रहा है। जिसमें ओ श्री फेशियल के अलावा पेडिक्योर यानी पैरों की सफाई और मैनीक्योर यानी हाथों की सफाई शामिल है। यह फेशियल 20 से 25 दिनों तक चेहरे पर बना रहता है। वैसे सामान्य फेशियल 500 से 1300 तक है, महिलाएं इस तरह का पैकेज ले रही हैं। पेडीक्योर और मैनीक्योर के लिए 1500 तक के पैकेज की डिमांड भी बढ़ी है। पंद्रह दिन पहले से ही महिलाओं ने अपना शेड्यूल तय कर लिया था।

### पायल, बिछिया और झुमके की डिमांड

तीज पर सोना-चांदी के बाजार में भी रौनक आ गयी है। सर्राफा दुकानों से कान, नाक की ज्वेलरी के साथ पायल और बिछिया खूब बिक्री हुई। दुकानदारों का कहना है तीज पर महिलाओं में खरीदारी का अच्छा रुझान है. महिलाएं अपने सामर्थ्य से ज्वेलरी की खरीददारी कर रही हैं. पिछले दो-तीन वर्षों में तीज पर ज्वेलरी की खरीदारी का प्रचलन बढ़ा है. कम कीमत के छोटे गहनों की डिमांड अधिक है। तीज पर महिलाएं मेहंदी लगाती हैं, इसके लिए बाजार के कई श्रृंगार सामग्री की दुकानों के बाहर मेहंदी लगाने वाले फुटपाथ में दुकान सजाये थे।

### रेशम वर्क की साड़ियां बन रही पसंद

हरियाली तीज पर महिलाओं को रेशम वर्क की साड़ियां अधिक पसंद आ रही है. दुकानों में साड़ियों की खरीददारी के लिए काफी भीड़ थी. लाल, गुलाबी, चंपई और कत्थई रंग की साड़ियों की डिमांड अधिक है. सिफॉन में प्रिंटेड साड़ियां भी खूब बिक्री हुई चंदेड़ी और ऑर्गेंजा साड़ियों की डिमांड भी बढ़ी हुई है। दुकानदारों का कहना है की विभिन्न वैरायटी की एक से तीन हजार तक की साड़ियों की सेल अच्छी है। महिलाएं अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी कर रही हैं। तीज को लेकर पिछले एक सप्ताह से बाजार में ग्रोथ है.। दान के लिए कम कीमत वाली साड़ियों की सेल भी अच्छी है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं खरीदारी के लिए बाजार में पहुंच रही है।

### रखेंगी निर्जला व्रत

मंगलवार को तीज का त्यौहार होने के कारण सोमवार की रात महिलाओं ने खीरा खाकर कांजी की दातुन करते हुए व्रत की शुरुआत की। मंगलवार को सूर्योदय के पहले महिलाएं घर नदी जलाशयों में स्नान कर रेत से शिव जी की प्रतिमा बनाकर पूजन करने के साथ व्रत की शुरुआत करेंगी। दिन भर महिलाएं निर्जला व्रत रखते हुए रात को फुलेरा सजा कर बी विधान से पूजन उपरांत पूरी रात जागरण कर भजन कीर्तन करेंगी। बुधवार की सुबह सुहाग लेने के बाद पति की दीर्घायु की कामना करते हुए व्रत तोड़ेंगी।

## खबर संक्षेप

### मानव कल्याण समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**कटनी**। समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय समर्पण मानव कल्याण समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ-साथ अनेक आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। समिति के अध्यक्ष मो. शादाब खान ने कहा कि संगठन समाज कल्याण की दिशा में निरंतर कार्यरत है। समय-समय पर समिति द्वारा ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि "रक्तदान महादान है, इससे न केवल जीवन बचता है बल्कि दान करने वाले को भी आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। शिविर में रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट एवं रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर मानवता की सेवा ही सच्ची पूजा है का संदेश प्रमुखता से दिया गया। शिविर के आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी कृष्णकांत नामदेव, महिला प्रमुख साक्षी सोनिया, सचिव संदीप गुप्ता, प्रभारी अजय मिश्रा, सांस्कृतिक प्रमुख कनक सोनी, सतीश कुमार, सदस्य दुर्गेश केवट, प्रमोद पटेल, भारत नामदेव, अशोक चौहान सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### जनता की बुनियादी समस्याओं के लिए करेंगे संघर्ष

**कटनी**। आम आदमी पार्टी कटनी इकाई की बैठक सूर्या होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे एवं लोकसभा अध्यक्ष शिवप्रताप परमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर ने की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे ने जिले में संगठन को मजबूत करने, जनता की समस्याओं को आवाज़ देने और आम आदमी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया। जिला अध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर संघर्षरत रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुँचाएँ और जनता की आवाज़ बनें। सेंगर जी ने यह भी घोषणा की कि आम आदमी पार्टी आगामी निकाय चुनावों को मजबूती से लड़ेगी और जनता के मुद्दों को चुनावी मैदान में लेकर उतरेगी।

### बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपित को पकड़ा



**कटनी**। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया, अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र सिंह धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरही निरी. शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस के द्वारा बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया है। बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि बरही थाना क्षेत्र के एक गांव में 19 अगस्त की रात्रि में एक बालिका के गुम होने की रिपोर्ट उसकी मां व्दारा थाना बरही में की गई थी। मामलें को गंभीरता से लेते हुये गुमन इंसान कर बालिका की तलाश के दौरान विगत 20 अगस्त को उसकी दस्तयाबी की गई। बालिका के कथन महिला थाना कटनी से कराया गया जिस पर महिला थाना कटनी में धारा 296, 64(1), 115(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। बरही थाने में असल अपराध कायम कर मामलें की गंभीरता को देखते हुये आरोपी अंशुल पटेल पिता मनसुख पटेल 24 साल की धडपकड हेतु टीम गठित की गई। आरोपी को चंद घण्टें के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया हैं। कार्यवाही में उप निरी.विनोदकांत सिंह, सउनि.दिनेश गौतम, प्र.आर. अजय पाठक, आर. अवधेश प्रताप सिंह की भूमिका रही।

## नगर परिषद सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी इंटरेस्ट सब्सिडी योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को अर्जित कराने को लेकर हुई बैठक




बुढार।

नगर परिषद सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत इंटरेस्ट सब्सिडी (आई.एस.एस.) योजना की बैठक सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं नोडल अधिकारीयों की उपस्थिति रही।

शासन के निर्धारित मापदंड अनुरूप नगर परिषद बुढार क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत इंटरेस्ट सब्सिडी (आई.एस.एस.) के हितग्राही जिनकी वार्षिक आय 3 लाख से लेकर 9 लाख तक है, ऐसे पात्र हितग्राहियों को बैंक के द्वारा प्रदत्त के ऋण में ब्याज में सब्सिडी का लाभ दिलाये जानें हेतु यह बैठक अतिमहत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बैंक के उपस्थित शाखा प्रबंधक एवं नोडल अधिकारीयों से आकांक्षा व्यक्त की कि- बुढार नगरीय निकाय के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को इंटरेस्ट सब्सिडी का लाभ शासन की मंशानुरूप अर्जित करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत इंटरेस्ट सब्सिडी (आई.एस.एस.) योजना के तहत आहुत बैठक में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी सी.पी. पाण्डेय, मनीष कुमार शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, प्रवीण अग्रवाल यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक, रिंकी कुमारी शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक, मानस जी शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, उमर जी शाखा प्रबंधक केनरा बैंक, तथा नगर परिषद के संजय द्विवेदी, अभय शुक्ला, मनोज वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## विश्वविद्यालय में वसुधैव कुटुम्बकम् पर व्याख्यान माला

शहडोल।

पं. शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के हिंदी विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वसुधैव कुटुम्बकम् की भारतीय अवधारणा विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने की। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए जीवनदायिनी ऊर्जा है। मुख्य वक्ता प्रो. प्रमोद पांडेय (संयोजक, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ) ने कहा कि यह अवधारणा सूचना अर्जन से आगे बढक़र आत्मोन्नति और मानवता का मार्ग प्रशस्त करती है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. गंगाधर ढोके ने स्वागत भाषण में कहा कि विभाग भारतीय परम्परा और आधुनिक दृष्टि के संगम के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र भटनागर, संकायाध्यक्ष सुश्री सुनीता बाथरे और परिसर प्रभारी डॉ. गीता सराफ ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के आचार्य, सह-आचार्य और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। व्याख्यान माला का समापन वसुधैव कुटुम्बकम् विषय पर निर्मित पोस्टर के विमोचन के साथ हुआ।

### सभी त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्र के साथ मनाने की जिला शान्ति समिति की अपील

## शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

शहडोल।

जिला शान्ति समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला शान्ति समिति द्वारा सदैव की भांति आगामी आने वाले त्यौहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील जिलेवासियों से की है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आगामी 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 28 अगस्त को कश्यप जयंती, 5 सितम्बर को ईद मिलाद-उन -नबी तथा 06 अगस्त को गणेश विसर्जन कार्यक्रम आयोजित होने की जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को त्यौहारों के पूर्व सडक़ की मरम्मत कराने तथा साफ-सफाई की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि विद्युत विभाग नगर की बिजली लाईन का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि विद्युत तार खम्भों पर झूले नहीं और अकारण विद्युत कटौती नहीं की जाए। विद्युत कटौती अपरिहार्य होने पर पूर्व से ही सूचना दे दी जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि थाना प्रभारी, तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकरी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी त्यौहारों के दौरान निकलने वाले जुलूस मार्ग की सडक़ों तथा विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सार्वजनिक रूप से गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना इस तरह से की जाए कि यातायात प्रभावित नहीं हो। त्यौहारों के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर पालिका के माध्यम से नगर में ही चलित विसर्जन कुण्ड बनाए जाएगे। जहां घरों में रखी जाने वाली गणेश प्रतिमा तथा छोटी गणेश प्रतिमा का विर्सजन किया जाएगा। हर मूर्ति के विसर्जन के लिए नदियों के आस-पास जाने की आवश्यकता नहीं है। आपने यह भी निर्देश दिए कि बड़ी मूर्तियों के विसर्जन की व्यवस्था सोन नदी में दियापीपर एवं नवलपुर में की जाएगी। इन्हीं स्थानो पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले में 29 से 31 अगस्त तक होंगी खेल गतिविधियाँ

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति की बैठक सम्पन्न

शहडोल।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक घंटा खेल के मैदान में आह्वान पर राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) से 31 अगस्त तक जिलेभर में खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती को समर्पित होगा।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि जिले के सभी 5 विकासखण्डों में परंपरागत खेलों के साथ एथलेटिक्स, मैराथन दौड़, साइक्लिंग, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताएँ होंगी। जिला स्तरीय शुभारंभ 29 अगस्त को गांधी स्टेडियम शहडोल से होगा। प्रदेश स्तरीय उद्घाटन भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इसमें मिनी ब्राज़ील कहलाने वाले शहडोल जिले के विचारपुर और धार जिले के सरदारपुर गांव के बीच फुटबॉल मुकाबला मुख्य आकर्षण रहेगा। जिला स्तरीय आयोजन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से गाँव-गाँव और शहर-शहर में खेलों का वातावरण बनेगा तथा नागरिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने सभी विभागों को व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रतिभागियों का ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अरविंद शाह, एएसपी अभिषेक दीवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और खेल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता के लिए कार्यों एवं दायित्वों का कराया गया बोध

**कटनी** जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखी की सक्रियता हेतु रीठी में एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विकासखंड समन्वयक जगन सिंह मसराम ने यहां उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को कहा कि प्रस्फुटन ग्रामों में समितियों के द्वारा समन्वय से सक्रियता पूर्वक कार्य करना है जिसमें परिषद के निर्देशानुसार दिए गए विषयों के अनुसार जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करना होगा। प्रस्फुटन समितियों को रचनात्मक सोच के साथ हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए सक्रियता पूर्वक प्रयास करना है।

## जिले में अब तक 11 लाख 40 हजार से अधिक नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 40 हजार 277 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 79 फीसदी है।

### नगर परिषद कैमोर अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में नगर परिषद कैमोर जिले में अव्वल है। जहां अब तक13

**कलेक्टर द्वारा की जा रही ई-केवाईसी कार्य की सतत समीक्षा**

हजार 286 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 56 हजार 912 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

इसी प्रकार नगर परिषद विजयराघवगढ़ में अब तक 7 हजार 804, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 35 हजार 900 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद मे 1 लाख 87 हजार 323 और जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1लाख 69 हजार 43, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 16 हजार 467, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 62 हजार 781 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 78 हजार 247 एवं नगर परिषद बरही में 12 हजार 514 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

### वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## मानवता सबसे बड़ा धर्म है सभी को जन और समाज सेवा पर ध्यान देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय अमरपाटन से प्रो. के. एन. मिश्रा मुख्य अतिथि एवं वक्ता तथा डॉ रूक्मणी प्रताप सिंह शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी, वक्ता के रूप में उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में डॉ रूक्मणी प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहां कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है सभी को मिलकर जन सेवा और समाज सेवा पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहाकिनई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठयक्रम को प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, भाषा, संस्कृति, धर्म और सामाजिक स्थिति, जलवायु आदि को ध्यान में रख कर बनाया गया हैं।

मुख्य अतिथि प्रो. के. एन. मिश्रा ने बताया कि 'वसुधैव कुटुंबकम' विषय भारतीय संस्कृति और विचारधारा को दर्शाता है। ₹वसुधैव कुटुम्बकम₹ की अवधारणा प्राचीन भारतीय दर्शन और ग्रंथों, विशेष रूप से महाउपनिषद और हितोपदेश में निहित है। ये ग्रंथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत का हिस्सा हैं जो हज़ारों साल पुराने हैं। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखती है एवं दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति को यह अपना परिवार मानती है साथ ही सद्भावना, प्रेम और करुणा का पाठ पढ़ाती है।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर. जी. सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, मनीष मिश्रा, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ अरविन्द शुक्ला, अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, डॉ. कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत आदि मौजूद रहे।

## ऑटो चालकों में अनुशासन लाने बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूजः कटनी ऑटो चालकों में अनुशासन लाने , यातायात के नियमों का पालन करने,नशे से दूर रहने जैसे विभिन्न विषयों को लेकर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध ऑटो रिक्शा चालक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल की उपस्थिति रही। संभाग प्रभारी ने ऑटो चालकों से कहा कि अपने वाहन के कागजात हमेशा तैयार रखें और यदि कागजात बनवाने में कोई बाधा है तो संगठन इसमें पूरा सहयोग करेगा। **दी गई ये सलाह-** यातायात नियमों का पालन करें,अपने ऑटो में अंदर की ओर स्वयं का नाम,गाड़ी नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि लिखें ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर वाहन चालक की जानकारी यात्री को मिल सके। ऑटो संघ के जिलाध्यक्ष राजसिंह ने सभी ऑटो चालकों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। संघ के जिला संयोजक विशाल जायसवाल ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की माँग पर,सभी रेलवे स्टेशनों पर शीघ्र ही प्रीपेड बूथ लगने वाले हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया गाजर घास जागरूकता सप्ताह

## गाजरघास से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त 2025 को मनाया गया। इस अवसर पर किसानों, छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम का आयोजन डॉ आर पी बेन प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा विभिन्न ग्रामों में आयोजित किया गया इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आर.के मिश्रा, डॉ शशि गौर,,डॉ यति राज खरे, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आर.पी बैन,डॉ के पी द्विवेदी डॉ संदीप चंद्रवंशी, प्रियंका धुर्वे ने भी गाजर घास उन्मूलन हेतु अपने विचार व्यक्त किया।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर संजय वैशंपायन ने बताया कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य किसानों और आम जनता को गाजर घास के हानिकारक प्रभावों, जैसे कि फसलों को नुकसान, त्वचा संबंधी एलर्जी और श्वसन संबंधी बीमारियों से बचाना है। वैज्ञानिक गाजर घास के जैविक नियंत्रण के लिए मैक्सिकन बीटल और रासायनिक नियंत्रण के लिए कुछ रसायनों के छिड़काव की सलाह देते हैं, साथ ही हाथ से उखाड़कर भी इसे नियंत्रित करने के तरीके बताए जाते हैं। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने संस्थान परिसर में तथा आस पास के गांवों में जाकर नागरिकों को गाजरघास दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और बताया कि गाजरघास न केवल फसलों की पैदावार को प्रभावित करती है, बल्कि मानव और पशुओं के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इसके पराग कण से एलर्जी, सांस लेने में परेशानी तथा त्वचा संबंधी रोग हो सकते हैं।

### गाजरघास को उखाड़ दें

16 से 22 अगस्त 2025 तक चले इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, किसानों और आम नागरिकों को गाजरघास की पहचान करने और उसे नष्ट करने के सरल उपायों की जानकारी दी गई। संस्थान के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि परिसर तथा आस पास का क्षेत्र गाजरघास मुक्त हो। संस्थान के वैज्ञानिकों ने सामूहिक प्रयास पर ज़ोर देते हुए कहा कि गाजरघास को उखाड़कर गड्ढों में डालकर मिट्टी से ढकना या जैविक खाद के रूप में उपयोग करना सबसे कारगर तरीका है। डॉ आर.पी बैन ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास गाजरघास की बढ़वार रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें।



## पुल की मरम्मत होने से ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

सिलौंडी और नेगई गांव को जोड़ने वाला करीब 30 साल पुराना पुल अब मरम्मत के बाद फिर से सुगम हो गया है। सिलौंड़ी से नेगई जाने के लिए बीच मे पड़ने वाले पुल के क्षतिग्रस्त होने,पुल के अलग अलग हिस्से के गड्ढों के कारण वाहन चालकों को दिक्कत होती थी।पैदल यात्रियों और विद्यार्थियों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवा नामदेव ने कलेक्टर को समस्या से अवगत कराया था। शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी ने पहल करते हुए पुल पर मरम्मत कार्य कराया। अब पुल से आवागमन सुचारु हो गया है।ग्रामीणों को राहत है।

**खबर संक्षेप**

### जिले में 9.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 9.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1 मिली मीटर, कोतमा में 18 मिली मीटर, बिजुरी में 27.4 मिली मीटर, जैतहरी में 2.4 मिली मीटर, वेंकटनगर में 1.2 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 9.4 मिली मीटर, अमरकंटक में 10.1 मिली मीटर तथा बेनीबारी 7.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### कलेक्टर ने 20 हजार रुपये के आहरण की दी मंजूरी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बदरा (अनूपपुर) निवासी मयंक अग्रवाल को उपचार हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

### फुटबाल के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 26 एवं 27 अगस्त को

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक ने बताया है कि चौथा ईएमआरएस फुटबाल बालक/बालिका 19 वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 26 एवं 27 अगस्त को शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में किया जाएगा। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालयों के बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग की टीम भाग लेंगी। प्रतियोगिता में चयनित दलों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर के तत्वाधान में किया गया है।

### एक सितंबर को संकल्प दिवस के रूप में मनायेगा शिक्षक संघ

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान 24 अगस्त को शासकीय उच्च.माध्य.विद्या.कन्या अनूपपुर में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय निगम की अध्यक्षता में जिला इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। जिसे संकल्प दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश इकाई के निर्देशन में जिले के सभी विद्यालयों में 1 सितंबर 2025 को "हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान एक संकल्प दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

---

जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के छात्र ने फांसी लगाई, छात्रावास में दहशत का माहौल

# 'होनहार' छात्र ने स्कूल पहुंचते ही समाप्त की 'जीवन लीला'

### पुलिस जांच में जुटी, विद्यालय पहुंच विधायक ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं के छात्र कृत वर्मा (14 वर्ष), पिता रामअवतार वर्मा, निवासी ग्राम अरावली ने रविवार 24 अगस्त को कनिष्ठ छात्रावास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शाम करीब 4:30 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। छात्रावास में रह रहे साथियों ने कृत को फांसी पर लटकता देख तत्काल अधीक्षक और शिक्षकों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्टाफ ने छात्र को नीचे उतारकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



#### सभी पहलुओं की पुलिस कर रही गहन जांच

घटना की जानकारी मिलते ही अमरकंटक पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग क्रमांक 34/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कृत ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद परिवारजन उसे अपने गृह ग्राम ले गए। नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी, उप निरीक्षक पी. एस. बघेल, एएसआई रघुराज सिंह और पुलिस बल इस मामले की विस्तृत विवेचना कर रहे हैं।

#### विद्यालय और परिजनों की प्रतिक्रिया

सूचना मिलते ही विद्यालय प्रबंधन ने छात्र के परिजनों को दूरभाष से जानकारी दी और नवोदय विद्यालय समिति, भोपाल एवं अनूपपुर जिला प्रशासन को भी अवगत कराया। विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला, जो राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए लखनऊ प्रवास पर थे, जिन्होने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की। परिजनों का कहना है कि घटना की वजह उन्हें समझ में नहीं आ रही है। मृतक के पिता रामअवतार वर्मा और बड़े पिता बलराम वर्मा ने बताया कि कृत पढ़ाई में होनहार था और दसवीं के बाद बाहर पढ़ने की इच्छा रखता था। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र भोजन की गुणवत्ता को लेकर असंतुष्ट था, लेकिन उसने कभी मानसिक तनाव की बात नहीं बताई।

#### विधायक ने की मुलाकात, जताई नाराजगी

घटना की जानकारी मिलने पर पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था और छात्रावासों की स्थिति चिंताजनक है। छात्र मानसिक तनाव में हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। इस मामले को मैं शासन के समक्ष उठाऊंगा। विधायक ने घटना स्थल छात्रावास का भी निरीक्षण कर परिस्थितियों का जायजा लिया।

#### जांच में जुटी समिति

नवोदय विद्यालय समिति, भोपाल ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय पाली (उमरिया) और जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई (सूरजपुर, छत्तीसगढ़) के प्राचार्यों की संयुक्त टीम को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। टीम ने विद्यालय पहुंचकर आवश्यक पड़ताल शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना के बाद विद्यालय परिसर और छात्रावास में भय का माहौल है। सहपाठी छात्र सहमे हुए हैं और विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें मानसिक परामर्श दिए जाने की तैयारी की जा रही है।

---



# लोक अदालत के संबंध में आयोजित हुआ समन्वय मीटिंग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

25 अगस्त को प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमति माया विश्वलाल की अध्यक्षता में 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिवक्ताओं के साथ समन्वय मीटिंग सह मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य न्यायालय में लंबित आपराधिक, सिविल, पारिवारिक, क्लेम प्रकरण, चेक बाउंस, विद्युत चोरी इत्यादि के प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामें के आधार पर किया जायेगा। जिसमें दोनो पक्षों की जीत होती है कोई हारता नहीं। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़यि ने बताया कि लोक अदालत में बहुत समय से बिछडे परिवारों का आपसी राजी नामा द्वारा प्रकरण का निराकरण होता है, जिससे उनका परिवार बिखरने से बच जाता है। जिला न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल द्वारा विद्युत चोरी के मामलो में शासन द्वारा प्रदान की गई छूट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्री संतोष सिंह परिहार द्वारा लोक अदालत में अधिक से अधिक सहयोग कर प्रकरण निराकरण कराये जाने हेतु अश्वासन दिया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल, वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश पाडेण्य, अशोक मिश्रा, रामनरेश त्रिपाठी, हनुमत शरण त्रिपाठी, संजय शुक्ला सहित अभिभाषकगण उपस्थित रहे। सचिव अभिभाषक संघ रामकुमार राठौर द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया।

---

नगर पालिका की सुस्ती से आमजन त्रस्त

# गंभीर बीमारियों के बढ़ने का अंदेशा गहराया

**नहीं किया जा रहा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव**

**आक्रोश से बढ़ रहा आवाम का दर्द, तीज त्यौहार मे भी गंभीर नहीं नगर पालिका**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



बरसात का मौसम आते ही नगर का आवाम अपनी सुरक्षा को लेकर सजगता का परिचय देता है तथा वह अपने आसपास के स्थानीय प्रशासक, प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर चाहता है ताकि वह इस बरसाती बीमार भरे मास से निपट कर अपना सुखमय जीवन मयस्सर कर सके किन्तु आवाम की समस्या का जतन सही समय पर न होने से परेशानी बलवती नजर आती है और इसका दंश रहवासियों को भुगतना पडता है। इस मौसम में मच्छर व मक्खियों की संख्या बहुतायत मात्रा में बढ जाती है जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा बढ जाता है। इनके खतरों से निाटने शासन स्तर से स्थानीय नगर पालिका को विभिन्न कीटनाशक दवाओं का छिडकाव कर एहतियाती उपाय बरतने का आदेश दिया गया है जिसके लिए पर्याप्त बजट भी मुहैया कराया गया है किन्तु इन सबके के बावूजूद नगर के विभिन्न वार्डों में अब तक छिडकाव न किया जाना पदस्थ अमले की किंकर्त्तब्य विमूढता को दर्शाता है।

#### जिम्मेदार अपनों का ढो रहे भार

नगर पालिका अनूपपुर अंतर्गत वार्डो में जगह जगह कचरे का ढेर लगा है तथा नालियॉ जाम पडी हैं जिसके कारण बदबू व गंदगी ने पैर पसार कर आम रहवासियों का जीना दूभर कर रखा है। आम रहवासी बदबू के प्रकोप से गंभीर बीमरियों के बढने का अंदेशा जताकर सजग हो स्थानीय प्रशासन से पहल करने की बात कह रहे हैं लेकिन इस समस्या पर सजगता न होने से वे चिंतित हैं। नगर में मच्छर व मक्खियों के बढते प्रकोप को रोकने के लिए कीटनाशक दवाओं के छिडकाव की आवश्यकता हर वार्ड में है ताकि इनकी संख्या को समय रहते रोका जा सके। गंभीर बीमारियों मलेरिया, डेंगू, हैजा, से निपटने सरकार ने स्थानीय अमले को सजगता से काम करने का आदेश भी जारी कर रखा है लेकिन इस आदेश का प्रभाव नहीं हो रहा है। स्थानीय अमले में जरा भी सजगता नहीं दिखता मसलन आवाम का दर्द प्रशासन के प्रति आक्रोश लिए बढता जा रहा है। जनापेक्षा है कि कलेक्टर नगर की इस समस्या पर अपना ध्यान आकृष्ट कर स्थानीय निकाय को तत्काल कार्यवाही किए जाने का फरमान जनहित में देंगे। नगर की जिम्मेदारी का दायित्व जिन कंधो पर नगर की जनता ने डाला था वो कंधे खुद का भार ढोने मे ही व्यस्त हैं। नपा मे निर्वाचित कई पार्षद नगर हित को भुलाकर ठेकेदारो के पीछे घूमते रहते है। अधिकारी कब कार्यालय आते है कब जाते है कोई नियम कानून ही नही है यदि कार्यालय आ भी गये तो आम आदमी के लिये कोई जगह नही होती सिर्फ ठेकेदार और कतिपय नेता घेरे बैठे रहते हैं।

#### पर्व के दौरान भी सफाई पर ध्यान नहीं

तीज समेत गणेश पर्व के मौके पर भी शहर के मुख्य सड़क से लेकर गलियों में गंदगी का अंबार देखा जा रहा है। नगर पालिका कर्मी द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई व कचरा का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका के कार्य शैली को लेकर शहर वासियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। नगरवासियों की मानें तो आम दिनों में शहर में गंदगी तो फैली ही रहती है। मगर पर्व त्यौहार के समय भी नगर पालिका के द्वारा साफ सफाई नहीं की जाती है। जिसके कारण गली के नली-नाले के साथ ही शहर के मुख्य सड़क पर भी कचरे का अंबार लगा हुआ है। मजबूरन हम लोगों को गली से लेकर मुख्य सड़क पर इन गंदगी से होकर ही गुजरना पड़ता है।

---

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई कर्मचारियों के लिए बस सेवा होगी बहाल

हरिभूमि न्यूजचचाई।




भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष (किसान मोर्चा) सुरेश यादव, ने बताया कि कोरोना काल से बंद पड़ी अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई से अमलाई रेलवे स्टेशन तक की बस सेवा जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। इस सेवा को बहाल करने के लिए मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिसके तहत 26 अगस्त को एक टेंडर (निविदा) जारी किया जाएगा। इस खबर से चचाई पावर प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों ठेका श्रमिकों व आम निवासियों और उनके परिवारों में खुशी की लहर है। पिछले कुछ वर्षों से, कोविड 19 महामारी और अन्य कारणों से अमरकंटक ताप विद्युत गृह के कर्मचारियों के लिए संचालित बस सेवा बंद थी। इस सेवा के बंद होने से कर्मचारियों व आम निवासियों को ख़ासकर रात्रि मे अमलाई रेलवे स्टेशन आने-जाने में भारी असुविधा हो रही थी, जिससे उन्हें निजी वाहनों या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था। यह स्थिति कर्मचारियों के लिए न केवल आर्थिक बोझ बन रही थी, बल्कि उनकी दैनिक यात्रा को भी चुनौतीपूर्ण बना रही थी। जानकारी के अनुसार, ने कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस सेवा को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए, 26 अगस्त को एक 22-सीटर या उससे अधिक क्षमता वाली मिनी बस किराए पर लेने के लिए एक निविदा जारी होने की बात कही गई है इस निविदा में वाहन के अधिकतम 6 वर्ष पुराना होने और 2 लाख किलोमीटर से कम चलने की शर्त रखी गई है। यह बस स्टेशन ड्यूटी के लिए होगी, जिसमें प्रति माह 3600 किलोमीटर की दूरी तय करने का अनुमान है। इस टेंडर में डीजल ईंधन, चिकनाई, और ड्राइवर का वेतन जैसी सभी लागतें शामिल होंगी।

#### कर्मचारियों में खुशी की लहर

इस खबर से कर्मचारियों में उत्साह और खुशी का माहौल है। लंबे समय से इस सुविधा के बहाल होने का इंतजार किया जा रहा था। बस सेवा के शुरू होने से न केवल उनकी यात्रा आसान होगी, बल्कि यह उनके लिए एक बड़ी राहत भी होगी। एक कर्मचारी ने कहा की "यह हमारे लिए बहुत अच्छी खबर है। बस सेवा के अभाव में हमें रात्रि आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी। अब हम सितंबर-अक्टूबर से इस सुविधा के फिर से शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद, सफल बोली दाता का चयन किया जाएगा और उम्मीद है कि बस सेवा सितंबर अक्टूबर के महीने से शुरू हो जाएगी। यह कदम न केवल कर्मचारियों की समस्याओं को हल करेगा, बल्कि संयंत्र के सुचारू संचालन में भी मदद करेगा। जो यह दर्शाता है कि प्रबंधन कर्मचारियों के कल्याण के प्रति संवेदनशील है और उनकी समस्या को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

# आदि कर्मयोगी अभियान के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




जिला प्रशासन एवं जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन होटल सूर्या में संपन्न हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि यह अभियान जनजातीय समुदाय के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से पूर्ण समर्पण के साथ इस अभियान को जनहितकारी बनाने का आह्वान किया, ताकि जनजातीय समाज आत्मनिर्भर बनकर मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने में मील का पत्थर साबित होगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 371 जनजातीय ग्रामों को चयनित किया गया है, जिन्हें केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया जाएगा। समापन समारोह में उन्होंने विभिन्न विभागों के 30 ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान सभी को शपथ भी दिलाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों, जिनमें सहायक संचालक मत्स्योद्योग संदीप शुक्ला, रेंजर फॉरेस्ट गौरव सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (पीएचई) श्रीमती नीलिमा सिंह, प्राचार्य शासकीय कन्या विद्यालय कोतमा अजय सिंह, और प्राचार्यएस. के. मिश्रा शामिल थे, जिन्होंने ब्लॉक स्तरीय 30 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक ने पीएम जनमन, धरती आबा, और आदि कर्मयोगी अभियान के महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजकएस. के. बाजपेयी सहित अन्य अधिकारी व ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

---

### जुआं फड़ में 5 आरोपियों से 45200 रूपये सहित 2 चार पहिया वाहन जप्त

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** 24 अगस्त को मुखबिर सूचना पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन में एवं एसडीओपी पुष्पराजगढ़ के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक एसपी शुक्ला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक त्रिलोक सिंह वालरे एवं स्टाफ प्रधान आरक्षक राजेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र सिंह, राजेश पाव, आरक्षक अंशू कुमार, रविशंकर मरावी, पारस जामोद, चालक आरक्षक प्रदीप बारेला के द्वारा दो बेलडोंगरी में पानी टंकी के पास ताश के पत्तो से रुपये पैसो का हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलते 5 जुआरी पकडे गये जिनके फड़ से 7500 रुपये नगदी तथा ताश के 52 पत्ते एवं आरोपी वाहिद खान पिता बहाव खान उम्र 40 वर्ष निवासी गाड़ासरई जिला डिण्डौरी के कब्जे से 1500 रुपये, राजकुमार मरावी पिता लल्ला राम मरावी उम्र 50 वर्ष निवासी करौंदा थाना गाड़ासरई के कब्जे से 17150 रुपये, दीपक वासुदेव पिता मोहन वासुदेव उम्र 26 वर्ष निवासी लाखागढ़ थाना पिथौरा जिला महासमुद (छ.ग.) के कब्जे से 8050 रुपये, गौदास मोंगरे पिता प्रीतम दास मोंगरे उम्र 35 वर्ष निवासी मरवारी थाना शाहपुर जिला डिण्डौरी के कब्जे से 8750 रुपये तथा मोहन पिता परसराम नायक उम्र 46 वर्ष निवासी गाड़ासरई थाना गाड़ासरई जिला डिण्डौरी के कब्जे से 2250 रुपये कुल नगदी 37700 रुपये कुल 45200 रुपये एवं स्कार्पियो क्र.एमपी 20 जेडएस 5871 एवं एक इको वाहन क्र. एमपी 52 जेडबी 2959 दोनो कीमती 20,00,000 रुपये जप्त किया गया।

---

### यथास्थान में हो नवीन तहसील भवन निर्माण का कार्य - मनोज दुबे

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मनोज दुबे (पूर्व महामंत्री भा.ज.पा नगर मंडल अनूपपुर द्वारा बताया गया है कि जिला मुख्यालय में तहसील भवन के निर्माण में हो रही लेट लतीफी को लेकर नागरिकों में असंतोष फैलता जा रहा पूर्व में नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जिले के गणमान्य नागरिकों को आश्वाशन नवीन तहसील भवन निर्माण का दिया गया था ।

**न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार बरला**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01**
**कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

अंकुर वर्मा उम्र 52 वर्ष पिता डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा (आर.के. वर्मा ) निवासी वार्ड नं.-08, कोतमा, थाना व तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र) ---आवेदक

बनाम

1. शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा सोहागपुर, बुढार रोड, शहडोल, जिला शहडोल म.प्र.
2. अन्य जो प्रकरण से संबंधित हो ---अनावेदकगण

**इश्तहार**

उपरोक्त आवेदक ने इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उ.अधि. के तहत पेश किया है जो स्व० डॉ० राजेन्द्र कुमार वर्मा (आर.के. वर्मा) निवासी वार्ड नं.-08, कोतमा, थाना व तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर म.प्र. आवेदक के पिता है जिनकी मृत्यु दिनांक 16/12/2009 को कोतमा, तहसील- कोतमा, जिला अनूपपुर म.प्र. में हो गया है। मृतक के नाम पर अनावेदक क्रं-01 के यहां बचत खाता क्रं.-12930100001693 में लगभग 7,00,000/- (सात लाख रुपए) जमा है जिसे प्राप्त करने की आवेदक एकमात्र उत्तराधिकारी है के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाये। यह कि मृतक डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा (आर.के. वर्मा) के नाम पर उक्त अनावेदक क्रं.-01 के कार्यालय (बैंक) में जमा रकम को प्राप्त करने का अन्य कोई उत्तराधिकारी / वारिसान हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27/09/2025 को उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे अन्यथा नियमानुसार उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र आवेदक के पक्ष में जारी कर दिया जावेगा।

यह कि आज दिनांक- 23/08/25 को न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

स्थान- कोतमा
दिनांक- 23/08/2015

**अरविन्द कुमार बरला**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01**
**कोतमा, जिला अनूपपुर म.प्र.**